भावना के निर्धन-जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत,दिनांक 26-11-2022 को आयोजित,प्रथम शीतकालीन सहायता शिविर की संक्षिप्त रिपोर्ट ।

भावना के निर्धन-जन सेवा एवम् अनौपचारिक शिक्षण प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में,दिनांक 26-11-2022 को,भावना के निर्धन-जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत,संत गाडगे जलाशय पार्क,रतन खण्ड लखनऊ में,प्रथम शीतकालीन सहायता शिविर का आयोजन किया गया।

इस कैम्प में,अनौपचारिक शिक्षण केंद्र में पढ़ने वाले 35 विद्यार्थियों को शीतकालीन वस्त्र,स्वेटर व टोपी,तथा उनके अभिभावक एवम् आसपास के निर्धन व ज़रूरतमंद जनों को 26 अदद कम्बल वितरित किये गये।

इस अवसर पर भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला ने अपने सम्बोधन में बच्चों को तन्मयतापूर्वक पढ़ाई करने एवम् आगे बढ़ने का संदेश दिया एवम् आश्वासन दिया कि जो बच्चे स्कूली शिक्षा के पश्चात् उच्च शिक्षा हेतु जायेंगे उनको भावना भरपूर सहयोग देगी।

कैम्प में भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला,प्रदेश उपाध्यक्ष श्री तुंग नाथ कनौजिया,निर्धन-जन सेवा के संयोजक श्री प्रभात किरण चौरसिया,महासचिव एडवोकेसी श्री सतपाल सिंह,सदस्य श्री ओम प्रकाश शर्मा,श्री ओम प्रकाश गुप्ता,श्री रमेश प्रसाद जायसवाल,श्री जग मोहन लाल जायसवाल,श्री अमर नाथ,मुख्य संपादक भावना संदेश,श्रीमती नीना अग्रवाल,एवम् अन्य अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष

भावना